<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3079

31 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात कचरा नीति

3079. श्री शिवकुमार उदासिः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस्पात कचरा नीति लाई है/लाने का विचार है जो वाहन कचरा पेज नीति के साथ मिलकर पुराने वाहनों से निकले कचरे का इस्पात उत्पादन में उपयोग में लाने के लिए नियम और विनियमन तैयार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह इस्पात कचरा नीति आयात पर निर्भरता को कम करेगी और स्थानीय इस्पात कचरा भारत में द्वितीयक इस्पात संयंत्रों के लिए आयात पर निर्भरता को भी कम करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या आगामी दशक हेतु मांग और उत्पादन के स्तर का आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्ययोजना बनाई गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): जी हाँ। स्टील स्क्रैप नीति अवधारणात्मक स्तर पर है। यह नीति किसी व्हीकल स्क्रैपेज नीति के साथ संयोजन नहीं करती है और देश में उत्पन्न होने वाली सभी स्टील स्क्रैप पर विचार करेगी।

(ख) और (ग): जी हाँ। स्टील स्क्रैप की माँग/खपत और उत्पादन/जेनेरेशन और इसमें वर्ष 2013-14 से 2021-22 तक हुई कमी का वर्षवार ब्यौरा निम्नवत् है:

*** 2013-14 से 2021-22 तक स्टील स्क्रैप की अनुमानित माँग की उपलब्धता में कमी *(हजार टन)***									
वर्ष	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
क. कुल माँग	**31,699**	**33,969**	**36,408**	**39,027**	**41,840**	**44,862**	**48,108**	**51,597**	**55,346**
ख. कुल उपलब्धता	**26,860**	**28,733**	**30,746**	**32,911**	**34,989**	**37,496**	**40,194**	**43,101**	**46,233**
ग. माँग उपलब्धता गैप (क-ख)	**4,839**	**5,236**	**5,662**	**6,116**	**6,851**	**7,366**	**7,914**	**8,496**	**9,113**

(स्रोत: इंडियन स्क्रैप बाजार पर अध्ययन करने वाली संयुक्त संयंत्र समिति)

***